देहरादून नगर निगम ने लॉन्च किया 'बल्क वेस्ट जनरेटर ऐप'

चर्चा में क्यों?

22 नवंबर, 2022 को उत्तराखंड के देहरादून नगर निगम के मेयर सुनील उनियाल गामा ने देहरादून नगर निगम में सभी बल्क वेस्ट जनरेट- आरडब्ल्यूए, अपार्टमेंट, होटल एवं रेस्टोरेंट परिसर से ही कचरे को अलग-अलग करने के लिये 'बल्क वेस्ट जनरेट ऐप'लॉन्च किया है।

प्रमुख बिंदु

- विदित है कि देहरादून में बड़ी संख्या में फ्लैट, अपार्टमेंट, होटल, रेस्टोरेंट हैं, जहाँ से बल्क में काफी कूड़ा पैदा होता है, लेकिन सभी कूड़ा बिना अलग-अलग किये ही सीधे निगम की गाड़ियों में डाल देते हैं, जबकि नियमानुसार ऐसे संस्थानों, होटल, रेस्टोरेंटों को कूड़ा अलग-अलग देना होता है।
- 'बल्क वेस्ट जनरेटर ऐप'के अंतर्गत देहरादून नगर निगम में जितने भी बल्क जनरेट हैं, उन्हें इस ऐप पर रजिस्ट्रेशन करना होगा। रजिस्ट्रेशन के बाद अगर किसी ने कूड़ा अलग-अलग करके नहीं दिया तो निगम उसका कूड़ा नहीं उठाएगा और उस अपार्टमेंट, होटल, रेस्टोरेंट पर कार्रवाई करेगा।
- इस ऐप में रजिस्ट्रेशन के बाद निगम के पास ऐसे सभी संस्थानों, होटल, रेस्टोरेंटों का डाटा तो होगा ही, इसके साथ ही यह भी पता चलेगा कि कहाँ-कहाँ से कूड़ा उठेगा। ऐप में बाकायदा अपार्टमेंट, होटल, रेस्टोरेंटों का नंबर होगा। इसके लिये उन्हें एक क्यूआर कोड दिया जाएगा। कूड़ा एकत्रित होने पर संबंधित संस्थान फोन करेंगे और इसके बाद गाड़ी मौके पर पहुंचकर कूड़ा उठाएगी। बिना क्यूआर कोड स्कैन किये कूड़ा नहीं उठाया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bulk-waste-generators-app